Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **श्रीगंगानगर में सहायक अग्निशमन अधिकारी (ए.एफ.ओ.) 25 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *22 दिसम्बर,* गुरूवार / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज श्रीगंगानगर में कार्यवाही करते हुये सुगन चंद सहायक अग्निशमन अधिकारी (ए.एफ.ओ.) दमकल विभाग, श्रीगंगानगर को परिवादी से **25 हजार रूपये** की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि अस्पताल भवन की फायर एन.ओ.सी. जारी करने की एवज में सुगन चंद सहायक अग्निशमन अधिकारी (ए.एफ.ओ.) दमकल विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा 30 **हजार रूपये** की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, बीकानेर के **पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार विश्नोई** के सुपरवीजन में एसीबी हनुमानगढ़ इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री रविन्द्र सिंह शेखावत** द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा श्रीगंगानगर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये सुगन चंद पुत्र श्री गोपीराम निवासी मकान नं0 4डी4, सद्भावना नगर, पुलिस थाना श्रीगंगानगर सदर, जिला श्री गंगानगर हाल सहायक अग्निशमन अधिकारी (ए.एफ.ओ.) दमकल विभाग, श्रीगंगानगर को परिवादी से 25 **हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी के निर्देशन में आरोपी के निवास, अन्य ठिकानों की तलाशी एवं पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।